संख्या- 73 / 2016 / 370 /चार-2016 -36 (वि)/2016

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊः दिनांक 22 मार्च, 2016

विषयः- स्व0 वी0एन0 सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद की मूर्ति के अवशेष भुगतान की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1995 /सं0नि-25(882डी)/2001 दिनांक 16 नवम्बर, 2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्व0 वी0एन0 सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद की मूर्ति के 25 प्रतिशत अवशेष भुगतान के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यथा प्रस्तावित कुल धनराशि रू0 56,250/- (रूपये छप्पन हजार दो सौ पचास मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उक्त धनराशि रू0 56,250/- (रूपये छप्पन हजार दो सौ पचास मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92- आयोजनागत पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4202-शिक्षा-खेलकूद-कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति -106-संग्रहालय-09-महापुरूषों की मूर्तियोंका निर्माण-24-वृहद निर्माण कार्य से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या- 73 / 2016 /370 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/